**मुख्य विकास अधिकारी/उपाध्यक्ष, डी0डब्लू0एस0एम0, शामली की अध्यक्षता में दिनांक 07.01.2026 को जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त :–**

बैठक में निम्नानुसार अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित हुए :–

| | |
|---|---|
| 1 | श्री विनय कुमार तिवारी, मुख्य विकास अधिकारी, शामली। |
| 2 | श्री फूल सिंह यादव, अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), शामली। |
| 3 | श्री मनोज कुमार पाल/श्री अमित कुमार, सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), शामली। |
| 4 | श्री अखिलेश प्रताप सिंह, डी0पी0एम0, मै0 जे0एम0सी0 प्रोजेक्ट एवं एल0सी0ई0 एस0पी0एल0 जे0वी0, मुम्बई। |
| 5 | श्री शिवदत्त, डी0पी0एम0/श्री अखिलेश, क्यू0ए0क्यू0सी0, टी0पी0आई0, शामली। |
| 6 | श्री दिनेश कुमार, साइट इंजीनियर, जी0ए0 इन्फ्रा प्रा0लि0, जयपुर। |
| 7 | श्री शुभम कुमार, डी0पी0एम0यू0, शामली। |

अधोहस्ताक्षरी द्वारा समीक्षा बैठक हेतु निम्न एजेण्डा मुख्य विकास अधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत किया गया :–

**बिन्दु संख्या–1 जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा :–**

**(1) नई पेयजल योजनाऐं :–** जनपद में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत फर्म मै0 जे0एम0सी0 प्रोजेक्ट एवं एल0सी0ई0एस0पी0एल0 जे0वी0, मुम्बई द्वारा राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ द्वारा 169 नग योजनाओं के सापेक्ष 168 पेयजल योजनाओं पर कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है। शेष एक पेयजल योजना उस्मानपुर पर भूमि विवाद के चलते पेयजल योजना के कार्य प्रारम्भ नहीं किये गये है। वर्तमान तक जनपद में पाइप लाइन बिछाने हेतु काटी गयी 712 कि0मी0 रोड पुर्नस्थापन के सापेक्ष 682 कि0मी0 रोड (95.79 प्रतिशत) रोड पुर्नस्थापन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। 172 नग के सापेक्ष 166 नग उच्च जलाशय पर कार्य प्रारम्भ हो गया है जिसमें से वर्तमान तक 29 उच्च जलाशय का कार्य पूर्ण तथा 6 नग उच्च जलाशय पर कार्य प्रारम्भ नहीं हुआ। **फर्म के डी0पी0एम0 श्री अखिलेश द्वारा बताया गया कि एक सप्ताह के अन्दर हम 4 उच्च जलाशयों का निर्माण कार्य पूर्ण कर लेंगे।** 169 नग पे0यो0 के सापेक्ष 82 नग पे0यो0 (91 राजस्व ग्राम) पर नियमित पेयजल आपूर्ति हो रही है। 17 नग पे0यो0 पर विद्युत कनेक्शन के सापेक्ष 15 नग पे0यो0 पर विद्युत कनेक्शन कर दिये गये है। (गुराना एवं मवी तिमाली अहतमाल पे0यो0 विद्युत कनेक्शन शेष है।) अनुरक्षण एवं संचालन में पेयजल योजनाओं को ले जाने की समीक्षा में फर्म के डी0पी0एम0 श्री अखिलेश द्वारा बताया गया कि प्राथमिकता पर गोहरपुर, जलालपुर, भोगी माजरा पेयजल योजनाओं की कमियों व अवशेष कार्यों को दिनांक 12.01.2026 तक पूर्ण कराकर वैरियेशन सम्बन्धित कार्यवाही प्रारम्भ करते हुए उक्त योजनाओं को अनुरक्षण एवं संचालन की श्रेणी में लिया जायेगा।

मुख्य विकास अधिकारी महोदय शामली द्वारा रोड पुर्नस्थापन व पूर्ण परियोजनाओं की समीक्षा की गयी। रोड पुर्नस्थापन की अत्यन्त धीमी प्रगति से नाराजगी व्यक्त की गयी। साथ ही निर्देश दिये गये कि अवशेष रोड पुर्नस्थापन के कार्य को माह 15 जनवरी 2026 के अन्त तक पूर्ण करना सुनिश्चित करें। जिन ग्रामों में सी0सी0 रोड क्षतिग्रस्त या बी0ओ0ई0/सी0सी0 टाईल्स रोड सैटल हो गयी है उन्हे पुनः मरम्मत कर सही कराये। **साथ यह भी निर्देश दिये गये कि जहॉ पर फर्म द्वारा उच्च जलाशय के कार्य 100 प्रतिशत पूर्ण कर लिये गये है वहॉ प्राथमिकता पर योजना के प्रत्येक अवयव के निर्माण को पूर्ण करते हुए शुद्ध पेयजल से ग्रामवासियों को लाभान्वित कर योजनाओं को पूर्ण करना सुनिश्चित करें।**

**(2) पुर्नगठन पेयजल योजनाऐं :–** जनपद में फर्म मै0 गायत्री–रामकी जे0वी0, हैदराबाद द्वारा राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ द्वारा 13 पुर्नगठन पेयजल योजनाओं के सापेक्ष 13 पेयजल योजनाओं पर कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है। वर्तमान तक जनपद में पाइप लाइन बिछाने हेतु काटी गयी 202 कि0मी0 रोड पुर्नस्थापन के सापेक्ष 198 कि0मी0 रोड (98 प्रतिशत) रोड पुर्नस्थापन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। 10 नग के सापेक्ष 10 नग उच्च जलाशय पर कार्य प्रारम्भ हो गया है जिसमें से वर्तमान तक 8 उच्च जलाशय का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। 17 राजस्व ग्रामों के सापेक्ष 12 राजस्व ग्रामों में नियमित पेयजल आपूर्ति हो रही है। 04 नग पे0यो0 पर विद्युत कनेक्शन के सापेक्ष 03 नग पे0यो0 पर विद्युत कनेक्शन कर दिये गये है। (लांक पे0यो0 पर विद्युत कनेक्शन शेष है।)

मुख्य विकास अधिकारी महोदय शामली द्वारा रोड पुर्नस्थापन की समीक्षा की गयी। रोड पुर्नस्थान की अत्यन्त धीमी प्रगति से नाराजगी व्यक्त की गयी। साथ ही निर्देश दिये गये कि अवशेष रोड पुर्नस्थापन के कार्य को माह 15 जनवरी 2026 के अन्त तक पूर्ण करना सुनिश्चित करें। जिन ग्रामों में सी0सी0 रोड क्षतिग्रस्त या बी0ओ0ई0 / सी0सी0 टाईल्स रोड सैटल हो गयी है उन्हे पुनः मरम्मत कर सही कराये।

**(3) जल निगम द्वारा पूर्व निर्मित संचालन एवं रख–रखाव की जा रही पेयजल योजनाऐं :–** जनपद में मै0 जी0ए0 इन्फा प्रा0लि0, केशव नगर, हवा सड़क, जयपुर द्वारा जल निगम द्वारा पूर्व निर्मित 50 नग पेयजल योजनाओं के संचालन एवं रख–रखाव का कार्य किया जा रहा है। वर्तमान में पेयजल योजनाओं के मरम्मत एवं रख–रखाव के कार्य का 50 नग डी0पी0आर0 बनाकर अनुमोदन हेतु मुख्यालय उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) लखनऊ को प्रेषित कर दिये गये है। शीघ्र ही धनावंटन उपरान्त योजनाओं पर मरम्मत एवं मेजर कमियों के निस्तारण सम्बन्धित तथा नये कार्यो (वितरण प्रणाली का विस्तार व पेयजल कनेक्शन तत सम्बन्धित कार्य) को प्रारम्भ कर दिया जायेगा।

मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा संचालन एवं रख–रखाव की जा रही पेयजल योजनाओं के सम्बन्ध में निर्देश दिये गये कि जिन पेयजल योजनाओं पर पाइप लाइन लिकेज की समस्या आती है उन्हे तत्काल ठीक कर ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल आपूर्ति प्रदान करे साथ ही जिन पेयजल योजनाओं की मोटर खराब हो जाती है उसके स्थान पर अतिरिक्त मोटर की व्यवस्था करें ताकि पेयजल आपूर्ति किसी भी दशा में बाधित न हो।

**बिन्दु संख्या–2 (अध्यक्ष महोदय के निर्देशों के क्रम में अन्य बिन्दु) :–**

मुख्य विकास अधिकारी महोदय शामली द्वारा समीक्षा के दौरान निम्नानुसार निर्देश दिये गये :–

**1–हर घर जल प्रमाणीकरण :–** अधोहस्ताक्षरी द्वारा अवगत कराया गया है कि फर्म जे0एम0सी0–लक्ष्मी द्वारा 221 ग्रामों के सापेक्ष 8 ग्रामों का हर घर जल प्रमाणीकरण एवं फर्म गायत्री–रामकी द्वारा 17 ग्रामों के सापेक्ष 08 ग्रामों का ही हर घर जल प्रमाणीकरण कराया गया है। मुख्य विकास अधिकारी महोदय शामली द्वारा दोनो फर्मो को निर्देश दिये गये कि वर्तमान में जिन योजनाओं में कार्य पूर्ण कर नियमित पेयजल आपूर्ति दी जा रही है, उन योजनाओं की सूची डी0पी0आर0ओ0 को उपलब्ध कराते हुए जॉच कर हर घर जल प्रमाणीकरण की प्रगति बढाना सुनिश्चित करें।

**2– नियमित जलापूर्ति :–** मुख्य विकास अधिकारी महोदय शामली द्वारा मै0 जे0एम0सी0–लक्ष्मी को नियमित जलापूर्ति की संख्या कम होने पर नाराजगी व्यक्त की गयी है। फर्म द्वारा 91 राजस्व ग्रामों में पेयजल आपूर्ति की जा रही है, फर्म के डी0पी0एम0 श्री अखिलेश द्वारा कहा गया कि एक सप्ताह के अन्दर 105 राजस्व ग्रामों में प्रत्येक दशा में पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ कर दी जायेगी।

उनके द्वारा निर्देश दिये गये कि वर्तमान में जिन योजनाओं पर राइजिंग मैन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है उन योजनाओं पर शीघ्र अति शीघ्र नियमित पेयजल आपूर्ति प्रदान करना सुनिश्चित करें साथ ही जिन योजनाओं पर डायरेक्ट पम्पिंग के माध्यम से पेयजल आपूर्ति दी जा रही है उन योजनाओं को उच्च जलाशय के माध्यम से पेयजल आपूर्ति देना सुनिश्चित करें।

**3– पम्प हाउस** :– अधोहस्ताक्षरी द्वारा अवगत कराया गया है कि वर्तमान में मै0 जे0एम0सी0 प्रोजेक्ट एवं एल0सी0ई0एस0पी0एल0, मुम्बई द्वारा वर्तमान तक 6 नग पम्प हाउस पर कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया। इस सम्बन्ध में फर्म के प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा अवगत कराया गया है कि इन 6 नग पम्प हाउसों की भूमि गहराई में होने के कारण इनको आर0सी0सी0 स्ट्रक्चर के माध्यम से निर्मित किया जायेगा। शीघ्र ही इनका आर0सी0सी0 स्ट्रक्चर डिजाइन स्वीकृत कराकर कार्य प्रारम्भ कर दिया जायेगा।

**4– ऑटोमेशन एवं स्काडा :–** मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा सख्त निर्देश दिये गये कि जिन योजनाओं पर उच्च जलाशय के माध्यम से पेयजल आपूर्ति प्रदान की जा रही है उन सभी पेयजल योजनाओं पर ऑटोमेशन एवं स्काडा के कार्य को पूर्ण कर योजना को पोर्टल पर लाइव करना सुनिश्चित करें ताकि पेयजल योजनाओं पर नियमित पेयजल आपूर्ति की मॉनिटरिंग की जा सके।

**5– जसाला व खन्द्रावली पेयजल योजना :–** मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा दोनो पेयजल योजनाओं पर एच0डी0डी0 मशीन का प्रयोग करते हुए वितरण प्रणाली बिछाने का कार्य प्रारम्भ न करने के कारण नाराजगी व्यक्त की गयी। जिस पर फर्म के फर्म के डी0पी0एम0 श्री अखिलेश द्वारा बताया गया कि फर्म द्वारा एक सप्ताह के अन्दर दोनो योजनाओं पर कार्य प्रारम्भ कर दिया जायेगा।

**6— योजनाओं के कार्यों को पूर्ण करने की प्लानिंग :—** मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा फर्मो द्वारा योजनाओं के कार्यों को पूर्ण करने का वर्क प्लान प्रस्तुत न किये जाने के कारण सख्त निर्देश दिये गये कि एक सप्ताह के अन्दर अनिवार्य रुप से वर्क प्लान प्रस्तुत करें।

**7— डी0पी0आर0 (दैनिक प्रगति रिपोर्ट) :—** फर्मों को निर्देश दिये गये कि किये जा रहे निर्माण कार्यो की प्रगति की सूचना जे0जे0एम0 व्हाट्एप ग्रुप पर प्रतिदिन अनिवार्य रुप से देना सुनिश्चित करें जिससे जल निगम अभियन्ताओं तथा टी0पी0आई0 द्वारा निरीक्षण कर गुणवत्ता की जॉच की जा सके।

**8— एफ0एच0टी0सी0 की प्रगति :—** एफ0एच0टी0सी0 की समीक्षा के दौरान मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा सख्त निर्देश दिये गये है कि वर्तमान में सी0एम0 डैशबोर्ड की प्रगति रिपोर्ट में जनपद बी श्रेणी में है, जिस कारण से आयुक्त महोदय की समीक्षा के दौरान जनपद की छवि धूमिल हो रही है। अतः एफ0एच0टी0सी0 की प्रगति को युद्ध स्तर पर बढाते हुए जनपद को ए श्रेणी लाना सुनिश्चित करें।

**9— शिकायत सम्बन्धित :—** मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा अवगत कराया गया कि जनप्रतिनिधियों/ग्राम प्रधानों/ग्रामवासियों द्वारा विभिन्न पेयजल योजनाओं पर रोड पुर्नस्थापन/पेयजल सम्बन्धित तथा अवशेष निर्माण कार्यो को पूर्ण न करने सम्बन्धित लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही है। समीक्षा के दौरान मुण्डेट कलॉ के ग्राम प्रधान द्वारा ग्राम में कार्य बन्द होने की शिकायत पत्र के माध्यम से की गयी तथा कसेरवा खुर्द के लोगो द्वारा 150 मी0 रोड पुर्नस्थापन कार्य पूर्ण न होने की शिकायत की। अधोहस्ताक्षरी एवं फर्म को निर्देश दिये गये कि शिकायतों का निराकरण प्राथमिकता पर कराना सुनिश्चित करें। जिस पर फर्म के डी0पी0एम0 श्री अखिलेश द्वारा आश्वस्त किया गया कि एक सप्ताह के अन्दर मुण्डेट कलॉ व कसेरवा खुर्द पेयजल योजना पर प्राप्त शिकायत का निराकरण करा दिया जायेगा।

**10— सिलावर पुर्नगठन पेयजल योजना :—** फर्म मै0 गायत्री—रामकी जे0वी0, हैदराबाद द्वारा योजना पर कमियों का निराकरण व अवशेष कार्यो को पूर्ण न करने के सम्बन्ध में मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए सख्त निर्देश दिये गये कि एक सप्ताह के अन्दर सिलावर पुर्नगठन पेयजल योजना के अवशेष को पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

**फर्म मै0 गायत्री—रामकी जे0वी0, हैदराबाद का कोई भी प्रतिनिधि समीक्षा बैठक में उपस्थित नहीं हुआ।**

समीक्षा के दौरान दोनो फर्मों को सख्त निर्देश दिये गये कि उनके द्वारा कार्यो में रुचि न लेने के कारण भारत सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना का लाभ जनता को नहीं मिल पा रहा है। अतः कार्यो को गम्भीरता से लेते हुए युद्ध स्तर पर कार्य करना सुनिश्चित करें ताकि योजना का लाभ शीघ्र जनता को मिल सकें।

09/01/26
(फूल सिंह यादव)
**अधिशासी अभियन्ता/**
**सचिव डी0डब्लू0एस0एम0**
**उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), शामली।**

पत्रांक— 36 / 108 / 02 दिनांक : 09-01-2026

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :—**

1. प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
2. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ।
3. मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
4. मुख्य अभियन्ता (मेरठ क्षेत्र) उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मेरठ।
5. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), सहारनपुर।
6. जिलाधिकारी/अध्यक्ष, डी0डब्लू0एस0एम0, शामली।
7. मुख्य विकास अधिकारी/उपाध्यक्ष, डी0डब्लू0एस0एम0, शामली।
8. उप जिलाधिकारी शामली/कैराना।
9. जिला पंचायत राज अधिकारी, शामली।
10. अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड, द्वितीय/चतुर्थ।
11. समस्त खण्ड विकास अधिकारी।
12. जी0एम0/पी0एम0, मै0 जे0एम0सी0 प्रोजेक्ट एवं एल0सी0ई0एस0पी0एल0, मुम्बई।
13. पी0एम0, मै0 गायत्री—रामकी जे0वी0, हैदराबाद को इस निर्देश के साथ कि भविष्य में समीक्षा बैठकों में प्रत्येक दशा में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।
14. डी0पी0एम0, टी0पी0आई0/डी0सी0, डी0पी0एम0यू0, शामली।
15. समस्त सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर, खण्ड अन्तर्गत।

**अधिशासी अभियन्ता/सचिव डी0डब्लू0एस0एम0**
**उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), शामली**